Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding stoppage of some important trains in Pali Parliamentary Constituency

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : महोदय, आज हमारा देश आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है । साथ ही, मैं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं माननीय रेल मंत्री जी का, जिन्होंने मेरे क्षेत्र से जुड़ी रेल की प्रत्येक मांग पर उचित कार्यवाही हेतु कदम उठाए हैं ।

महोदय, मैं अपनी लोक सभा क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण रेलों के ठहराव के लिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत करवाना चाहता हूं । भगत की कोठी - पुणे एक्सप्रेस का रानी में ठहराव, बांद्रा टर्मिनस - भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का पाली में ठहराव, साबरमती – अजमेर इंटरसिटी एक्सप्रेस का सोजत रोड और सोमेसर में ठहराव, अरावली एक्सप्रेस का जवाली में ठहराव, स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस का मारवाड़ जंक्शन पर ठहराव, रणथम्बोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का पीपाड़ रोड में ठहराव, रानीखेत एक्सप्रेस का तिंवरी में ठहराव, रणकपुर एक्सप्रेस का नाणा में ठहराव, जैसलमेर – जोधपुर एक्सप्रेस और जम्मू तवी – जैसलमेर एक्सप्रेस का औसियां, तिंवरी व मथानिया में ठहराव ।

मान्यवर, ये सभी मांगें पिछले कई सालों से लंबित चल रही हैं । माननीय रेल मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि इन मांगों पर आमजन हितार्थ जल्द ठहराव स्वीकृत करने की कृपा करें और मेरे क्षेत्र के पुणे, चेन्नई और हैदराबाद में बसे प्रवासियों के लिए जोधपुर से पाली, मारवाड़ होते हुए अभी सिर्फ सप्ताह में एक डायरेक्ट ट्रेन है, उसके फेरे बढ़ाने की कृपा करें ।

धन्यवाद ।